


नवभारत

भोपाल, गुरुवार 16 जुलाई, 2026


# जगदीशपुरी मानोरा में आज निकलेगी 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रथयात्रा

**खास बातें**

- श्रद्धालुओं की सेवा में जगह-जगह भंडारे
- लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना
- तीन दिवसीय मेले के साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम





**नवभारत न्यूज**

**विदिशा/ग्यारसपुर 15 जुलाई, विदिशा जिले की ग्यारसपुर तहसील स्थित मिनी जगदीशपुरी के नाम से प्रसिद्ध मानोरा धाम में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी की ऐतिहासिक रथयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जाएगी. रथयात्रा में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.**

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में जगह-जगह भंडारे, पेयजल, शरबत और विश्राम शिविर लगाए गए हैं.बुधवार को पूरे दिन मानोरा धाम की ओर पैदल और पिंड भरते हुए श्रद्धालुओं के जत्थे जय जगन्नाथ और जगदीश स्वामी की जय के जयघोष के साथ पहुंचते रहे. बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में रथयात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया. दूर-दराज के गांवों और शहरों से श्रद्धालु लगातार मानोरा धाम पहुंच रहे हैं.जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी भगवती प्रसाद ने बताया कि यह रथयात्रा लगभग 300 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है. शुरुआती करीब 100 वर्षों तक भगवान की यात्रा बैलगाड़ी से निकाली जाती थी, जबकि पिछले लगभग 200 वर्षों से भगवान जगन्नाथ स्वामी भव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं. रथयात्रा के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं.रथयात्रा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है. मंदिर परिसर, मेला मैदान और पूरे रथ मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया है. वहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.धार्मिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन भगवान जगन्नाथ स्वामी उड़ीसा से मानोरा धाम पधारते हैं. लोकविश्वास है कि भक्त मानक चंद रफ्तार और उनकी धर्मपत्नी पद्मावती की निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान प्रतिवर्ष यहां दर्शन देने आते हैं और अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं. यही आस्था हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं को मानोरा धाम तक खींच लाती है.

### नटेरन से गोरियाखेड़ा के लिए निकलेगी भगवान जगदीश स्वामी की शोभायात्रा

नटेरन के नव निर्मित भगवान जगदीश स्वामी मंदिर में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई. तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत गुरुवार 16 जुलाई को भगवान जगदीश स्वामी की भव्य शोभायात्रा रथ में विराजमान होकर नटेरन से गोरियाखेड़ा के लिए प्रस्थान करेगी.शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े, डीजे और भजन-कीर्तन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तजन भगवान का पुष्पवर्षा कर स्वागत करेंगे. यह आयोजन श्री श्री 108 जुगल किशोर दास के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामवासी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभा रहे हैं.आयोजन के समापन अवसर पर 17 जुलाई को जगदीश स्वामी मंदिर परिसर में भंडारा एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा. महंत जुगल किशोर दास ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है.

## वायरल वीडियो पर पुलिस की कार्रवाई, मानव सेवा न्यास में मारपीट का धराया आरोपी

- मानव सेवा न्यास में मारपीट का आरोपी अभिरक्षा में
- बचा हुआ भोजन फेंकने से रोकने पर हुआ था विवाद
- एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 15 जुलाई, मानव सेवा न्यास में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को मानव सेवा न्यास परिसर में बेसहारा और निराश्रित लोगों के लिए बनाए गए भोजन को फेंके जाने से रोकने पर आरोपी गोलू प्रजापति (27) का ड्यूटी पर तैनात गार्ड चैन सिंह किरार से विवाद हो गया. बीच-बचाव करने पहुंचे ट्रस्ट प्रतिनिधि जाहर सिंह कुर्मी एवं संतोष अहिरवार के साथ आरोपी ने कथित रूप से लाठी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया.घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना कोतवाली पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 443/2026 दर्ज किया. जांच के दौरान आरोपी के जिला चिकित्सालय में उपचाररत होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू की.पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और तत्काल पुलिस को सूचना दें. साथ ही स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर सामने आने वाली घटनाओं पर भी त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाती है.

### शाखा प्रभारी बनने पर सुरेंद्र बहादुर सिंह का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा .** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की स्टेशन शाखा में कार्यरत सुरेंद्र बहादुर सिंह राजपूत के पर्यवेक्षक पद से शाखा प्रभारी के पद पर पदोन्नत होने पर श्री महाराणा प्रताप राजपूत समाज द्वारा उनका सम्मान किया गया. इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पहार पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.सम्मान समारोह में समाज के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सुरेंद्र बहादुर सिंह की पदोन्नति समाज के लिए गौरव की बात है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बैंकिंग सेवाओं को और बेहतर बनाएंगे.कार्यक्रम में जगदीप सिंह, देवेंद्र जादौन (मन्नू जी), अमान सिंह, समिति के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, महासचिव प्रमोद सिंह, सीबी सिंह गौतम, किशोर सिसोदिया, शैलेन्द्र राठौड़, किशोर भदौरिया, निरंजन सिंह (बंटी), फूल सिंह, भानु सिंह, देवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित राजपूत समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे.समारोह के दौरान सभी ने सुरेंद्र बहादुर सिंह को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

## संयुक्त जांच में अल बरकाती नूरी शॉप सील

**13 मीट दुकानों का हुआ निरीक्षण**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा . केंद्रीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं वधशाला समिति के अध्यक्ष राम रघुवंशी के निर्देश पर बुधवार को राजस्व और नगरीय निकाय की संयुक्त टीम ने शहर में मीट विक्रय दुकानों का निरीक्षण अभियान चलाया. अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की 13 दुकानों की जांच कर खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और निर्धारित नियमों के पालन की स्थिति का जायजा लिया गया.**

निरीक्षण के दौरान अल बरकाती नूरी शॉप में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया. अन्य दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए.

संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान कई दुकानों के बाहर सड़क तक सामान फैलाकर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया. अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक मार्ग पर सामान रखने या दोबारा अतिक्रमण करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.अधिकारियों ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, पशु कल्याण तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के संयुक्त निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे.

### सिरोंज में जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की कार्यवाही

जीव-जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य राम रघुवंशी के सिरोंज दौरे के दौरान प्रशासन ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की. एसडीएम के नेतृत्व में जनपद सीईओ एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों और एक स्लॉटर हाउस का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में आवश्यक लाइसेंस, पंजीयन एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों की कमी पाई गई. साथ ही शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था. अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने 5 दुकानों तथा एक स्लॉटर हाउस को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया.

## 15 साल बाद होगा जिला औषधि विक्रेता संघ का चुनाव, 26 जुलाई को मतदान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा . जिला औषधि विक्रेता संघ का चुनाव करीब 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद होने जा रहा है. आगामी 26 जुलाई 2026, रविवार को जिलेभर के दवा व्यवसायी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. चुनाव को लेकर विदिशा, गंजबासौदा, कुरवाई, लटेरी, सिरोंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों के दवा व्यवसायियों में उत्साह का माहौल है.**

इस बार लगभग 450 सदस्य मतदान में भाग लेंगे.चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रकाश चंद भंडारी , कृष्ण गोपाल गर्ग , घनश्याम बंसल , अजय तिवारी तथा नरेंद्र दिवाकर को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है.निर्वचन अधिकारियों ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया विधिवत प्रारंभ हो गई है. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी, अंतिम प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन तथा मतदान की प्रक्रिया तय तिथियों पर संपन्न कराई जाएगी. विस्तृत निर्वाचन कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है.करीब डेढ़ दशक बाद हो रहे चुनाव को लेकर विशेष रूप से युवा और नए सदस्यों में काफी उत्साह देखा जा रहा है. दवा व्यवसायियों का मानना है कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी. साथ ही औषधि विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान, व्यवसायिक हितों की सुरक्षा तथा संगठन को अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा सकेंगे.संघ के सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि लंबे अंतराल के बाद होने वाला यह चुनाव लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने के साथ-साथ जिले के औषधि व्यवसायियों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### एसएटीआई पॉलिटेक्निक में ईडब्ल्यूएस वर्ग की सीटें रिक्त

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज, में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश का अवसर उपलब्ध है. कॉलेज प्रबंधन के अनुसार सामान्य वर्ग के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 10वीं अथवा 12वीं उत्तीर्ण की है और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आते हैं, वे कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं.कॉलेज में संचालित सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस, केमिकल एवं ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग की ईडब्ल्यूएस श्रेणी की सीटें अभी रिक्त हैं. इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को आयोजित कॉलेज लेवल काउंसलिंग में शामिल होकर प्रवेश ले सकते हैं.








## कैडर रिव्यू की मांग पर पटवारियों का आंदोलन शुरू

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा .** मप्र पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र बघेल के आह्वान पर जिला विदिशा के पटवारियों ने कैडर रिव्यू और पदोन्नति की मांग को लेकर 15 से 17 जुलाई तक सामूहिक आकस्मिक अवकाश तथा 18 एवं 19 जुलाई को मुख्यालय अवकाश लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है. संघ ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय हित को देखते हुए केवल जनगणना प्रशिक्षण का कार्य जारी रहेगा, जबकि अन्य शासकीय कार्य नहीं किए जाएंगे. जिलाध्यक्ष मनोज बघेल ने बताया कि अन्य विभागों में लगातार पदोन्नति हो रही है, लेकिन राजस्व विभाग में पटवारियों के कैडर रिव्यू और प्रमोशन को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई है. इसी के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है.पटवारियों के अवकाश पर रहने से विद्यार्थियों के जाति एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों के लिए आवश्यक पटवारी प्रतिवेदन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, भूमि एवं मकान विवादों की मौका जांच, गरीबी रेखा संबंधी प्रकरण तथा साइबर 2.0 पोर्टल पर होने वाली ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रभावित होगी. खरीफ सीजन के दौरान खेतों के रास्ता विवादों के समाधान में भी देरी हो सकती है.

## चार्टर डे पर लायंस क्लब वसुंधरा ने जिला जेल में कराया प्रेरणादायी आध्यात्मिक कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा . लायंस क्लब विदिशा वसुंधरा ने अपने चार्टर डे के अवसर पर जिला जेल में आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य बंदी भाइयों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और जीवन के प्रति नई आशा का संचार करना था.**

कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरिया बटुक जी महाराज ने अपने प्रेरक प्रवचनों में आत्मचिंतन, आत्मसुधार, क्षमा और सकारात्मक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने विचारों और कर्मों से अपने जीवन की दिशा बदल सकता है तथा प्रत्येक दिन नई शुरुआत का अवसर होता है.जेल प्रशासन के अधिकारियों ने ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गतिविधियां बंदियों के व्यक्तित्व विकास और मानसिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.क्लब अध्यक्ष लायन केतन अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, संस्कार और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है. कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन डॉ. आरती शर्मा, चार्टर प्रेसिडेंट अमिता जैन, पायल अग्रवाल, भूषण मोड़, सिद्धार्थ जैन, मुस्कान जैन, निर्मल छुगानी, लवीना छुगानी, संयम जैन, जेल प्रशासन के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में बंदी भाई उपस्थित रहे. अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया.









**आयोजन** | **कुरवाई में विधिक सेवा शिविर आयोजित, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों सहित विभिन्न कानूनों की दी जानकारी**

## कानूनी सहायता का अधिकार सभी को, कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहे-जिला न्यायाधीश



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 15 जुलाई.** तहसील स्तरीय विधिक सेवा समिति द्वारा आजीविका भवन में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश आनंद गौतम ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार है और कोई भी व्यक्ति आर्थिक या सामाजिक कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए. इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई है, जिसके माध्यम से पात्र व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है.शिविर की अध्यक्षता एसडीएम मनीष जैन ने की. जिला न्यायाधीश आनंद गौतम ने महिलाओं के गुजारा भत्ता, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा अन्य कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्तियों के संरक्षण के लिए अनेक कानून बनाए गए हैं, जिनकी जानकारी प्रत्येक नागरिक को होना आवश्यक है. उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को न्यायालय द्वारा अधिवक्ता भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं.

एसडीएम मनीष जैन ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को न्याय प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है. उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के मामलों में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से भी आवश्यक कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय भेजे जाते हैं.शिविर में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी राघवेंद्र सिंह दांगी एवं अधिवक्ता असद नवेद ने भी विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी. कार्यक्रम का संयोजन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष अग्रवाल, आजीविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक रीना परमार तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने किया. अंत में अधिवक्ता ओमप्रकाश आर्य ने आभार व्यक्त किया. शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर कानूनी अधिकारों की जानकारी प्राप्त की.


